आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 28.03.2025 समय: 2.10 PM

कर्मयोगी कार्यशाला

भोपाल स्थित राजभवन में आज 'कर्मयोगी बनें' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे. इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कर्मयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मयोगी बनने के लिए नि:स्वार्थ सेवा भाव और कर्तव्यपरायणता आवश्यक है। वहीँ, राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जगत से देश और समाज को बड़ी अपेक्षाएं हैं।

कार्यशाला में प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरु एवं कुलसचिव, पीएम एक्सीलेंस और स्वशासी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक भी शामिल हुए ।

संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना-संबल के तहत अब से कुछ देर बाद 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खाते में 505 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का प्रदेशभर में सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए संचालित योजना है। योजना में दुघर्टना में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिये जाते हैं ।

डिजिटल कृषि-शिवराज

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डिजिटल कृषि मिशन के माध्यम से किसान अपने विभिन्न कार्यों की जानकारी अपने स्मार्ट फोन पर भी प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए उसे विभागों के चक्कर नहीं लगाने

पडेंगे। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री चौहान ने डिजिटल कृषि मिशन विकसित कृषि एवं समृद्ध किसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया क्रांतिकारी कदम है ।

परीक्षा परिणाम

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम आज जारी कर दिए गए। प्रदेश में इस वर्ष कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 92 दशमलव 7-0 रहा, जो पिछले वर्ष के 90 दशमलव 9-7 से बेहतर है। इसी तरह, कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 90 दशमलव 0-2 रहा, जो पिछले वर्ष के 87 दशमलव 7-1 की तुलना में अधिक है। कक्षा 5वीं में बालिकाओं के पास होने का प्रतिशत 94 दशमलव 1-2 और बालकों का 91 दशमलव 3-8 फीसदी रहा। वहीं, कक्षा 8वीं में बालिकाओं का पास होने का प्रतिशत 91 दशमलव 7-2 और बालकों का 88 दशमलव 4-1 प्रतिशत रहा।

समाचार संक्षेप में ....

समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम

समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज शाम चार बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों, डूबने की दुर्घटनाओं के प्रबंध, कानून व्यवस्थाओं की स्थिति तथा राजस्व के विषय पर भी चर्चा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

1. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में भारतीय परम्पराओं में अनुसन्धान प्रक्रिया विषय पर आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है ।
2. बालाघाट जिले में जल संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद बैहर द्वारा संगोष्ठी,चौपाल व बोरी बंधान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए किए।

3. जबलपुर में खाद्य और औषधि विभाग ने दवा दुकानों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने पर 7 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं और 4 को नोटिस थमाया गया है।

4. शिवपुरी में कल आयोजित रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 72 आवेदकों का विभिन्न पदों पर चयन हुआ।

5. नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में रमजान की विशेष रात शब ए कद्र पर मुस्लिम समाज ने पूरी श्रद्धा से इबादत की। नगर की सभी मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया। यहां की मदीना, जामा और बिलाल मस्जिद में विशेष आयोजन हुए।

नमस्कार